सीएम ने किया मेट्रो-3 के सहार स्टेशन का मुआयना

महानगर संवाददाता

मुंबई

मेट्रो तीन कारिडोर के पैकेज 6 के अंतर्गत सहार रोड स्टेशन का मुआयना मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने किया और काम को लेकर संतोष जताते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान

मेट्रो के काम को संतोषजनक बताया

पालक मंत्री आदित्य ठाकरे, परिवहन मंत्री अनिल परब, एमएमआरडीए के आयुक्त आरए राजीव, मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और इंजीनियरों के साथ मेट्रो 3 के काम का जायजा लिया और इस काम पर संतोष जताया। उन्होंने मेट्रो के लिए खोदी गई बड़ी सुरंग का भी मुआयना किया। सहार रोड स्टेशन के टनल निर्माण का 48 फीसदी काम पूरा हो गया है और पैकेज 6 के तहत 59 फीसदी काम पूरा हो गया है। सहार रोड स्टेशन की कुल लंबाई 218 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर है। मेट्रो कॉरिडोर का काम सात पैकेज में चल रहा है। मेट्रो तीन बनने पर इलाके के नियमित यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मेट्रो कॉरिडोर के पूरे मार्ग पर अप और डाउन दिशा को मिला कर कुल 55 किलोमीटर लंबा भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। पूरे मार्ग में कुल 32 सुरंगें तैयार होनी हैं, जिनमें से 25 से अधिक सुरंगों की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है।